**Need to expand Chiyanki Airport in Jharkhand and start operation of flights-Laid**

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :**मैं सरकार का ध्यान पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं एयरलाइंस का परिचालन कराने की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूॅ । चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS) के अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है । परंतु राज्य सरकार की उदासीनता के कारण एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है । विदित है कि डालटनगंज से रांची-कलकता रांची - डालटनगंज एवं डालटनगंज - पटना - वाराणसी - पटना - डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी, परंतु चियांकी एयरपोर्ट की Boundary Secure है, से संबंधित प्रतिवेदन जिला से राज्य सरकार को प्राप्त हो चुका है । राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में वांछित कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे पलामू एवं आस-पास के जिले के निवासियों को वायुयान यात्रा की सुविधा नहीं मिल पा रही है । यदि हवाई यात्रा की सुविधा डालटनगंज से रांची - कलकता - रांची - डालटनगंज एवं डालटनगंज - पटना - वाराणसी - पटना - डालटनगंज तक की प्राप्त हो जाती है तो इस क्षेत्र को औद्योगिकीकृत करने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी । मैं माननीय नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ कराने की कृपा की जाय ।